


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 188 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 21 अप्रेल 2024 | मूल्य 2 रुपया









## 11 साल से प्लानिंग को धरातल पर उतरने का इंतजार...

# निर्देश पर निर्देश...योजना पर योजना

### मामला एक बार फिर कलेक्टर के पार्किंग को लेकर दिए निर्देशों का

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पार्किंग की समस्या को हल करने के प्रयास निर्देश और बैठकों से बाहर नहीं आ रहे। करीब 11 साल पहले बनी प्लानिंग धरातल पर उतरने का इंतजार कर रही है तो टीएल बैठकों में कलेक्टर के निर्देश भी औपचारिकता बन रहे हैं। एक बार फिर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पार्किंग को लेकर निर्देशित किया। जिसमें अस्पताल, मैरिज गार्डन, रेस्टोरेंट के बाहर पार्किंग के नियमों का पालन करवाने के लिए कहा। सवाल यह उठता है कि अधिकांश अस्पताल, मैरिज गार्डन और रेस्टोरेंट में पार्किंग है ही नहीं। तो नियमों का पालन कैसे करवाया जाएगा।

शहर में सालों से पार्किंग की समस्या के समाधान के नाम पर अब तक सिर्फ बातें होती आई है। नपा परिषद गठन को भी एक साल पूरा हो चुका है। लेकिन निराकरण के कोई ठोस प्रयास नहीं किए जा रहे है। वर्ष 2013 में तत्कालीन पुलिस कप्तान श्री मनोहर सिंह वर्मा ने यातायात सुधार के लिए पार्किंग सहित अन्य प्लान बनाया था। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में 5 साल में 3 बार मास्टर प्लान तैयार कराने का निर्णय हुआ। यही नहीं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हर 3 माह में जरूरी है। लेकिन, बैठकों में हुए निर्णय सिर्फ कागजों तक सीमित होते है, अमल दूर दूर तक नहीं होता। स्थिति यह है कि पार्किंग समस्या के चलते शहर में राहगीर व वाहन चालक परेशान हो रहे हैं।

#### कलेक्टर हो या एसपी, सिर्फ योजना, निर्देश...

2018 से अब तक हुई बैठकों में 3 बार मास्टर प्लान बनाने के निर्णय हुए। 2018 में तत्कालीन कलेक्टर ने निर्देश दिए थे कि जीआईएस मैप तैयार कर यातायात समाधान का पूरा प्लान बनाएं। 2019 में जिम्मेदारों ने नपा व यातायात पुलिस को प्लान बनाने को कहा। 6 मार्च 2020 को हुई बैठक में इंजीनियरों की टीम बुलाकर स्मार्ट सिटी की तर्ज पर यातायात प्लान तैयार कराने का निर्णय लिया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। 2021 में तत्कालीन एसपी सिद्धार्थ चौधरी ने अपने स्तर पर शहर का मास्टर प्लान तैयार कराया। जनवरी 2021 को सड़क सुरक्षा माह में इसका विमोचन कराया। यह प्लान आज तक फाइलों से बाहर नहीं आ पाया। बैठकों में सोलह साल से शहर में पार्किंग व्यवस्था के मुद्दे उठ रहे। सालों से जिम्मेदारों ने धानमंडी लक्कड़पीठा ब्रिज के पास खाली जगह, घंटाघर पर रोडवेज की जमीन, कालाखेत में मैदान के पास खाली जमीन जमीन, पुरानी सब्जी मंडी वाले स्थान सहित अन्य जगहों पर पार्किंग व्यवस्था के निर्णय हो चुके । लेकिन आज तक जिम्मेदार इस पर अमल नहीं करा सके। यही नहीं बीते कुछ माह से सड़क उपसुरक्षा समिति की बैठकें भी हो रहीं है। लेकिन, निर्णय सामने ही नहीं आ रहे हैं।

#### कई बार बनती है विवाद जैसी स्थिति...

शहर के सम्राट मार्केट, घंटाघर सहित मुख्य्य बाजारों में आम दिनों में भी पार्किंग को लेकर परेशानी रहती है। कई बार तो विवाद जैसी स्थिति भी बन जाती है। त्योहारों के समय स्थिति और बिगड़ जाती है। ऐसे में परेशानी के और बढ़ने की आशंका है।

# शिव के शहर में मोहन का रोड शो

### सीएम ने कहा- हमारी चाह है, मंदसौर नया रिकार्ड बनाएं



**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को मुख्यमंत्रीश्री मोहन यादव मंदसौर आए। मुख्यमंत्री बनने के बाद उनका पहली बार मंदसौर आगमन हुआ। भाजपा प्रत्याशी सांसद सुधीर गुप्ता के साथ नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने गांधी चौराहा पर जनसभा को संबोधित किया। जनसभा के बाद पशुपतिनाथ मंदिर में बाबा के दर्शन कर वह मंदसौर से रवाना हुए। बीजेपी प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के नामांकन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव निर्धारित समय से 20 मिनट देरी से पहुंचे। समय की कमी के कारण सीएम ने प्रत्याशी गुप्ता को कहा- वे रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में पहुंच जाएं। गुप्ता के पहुंचने के बाद पीछे से सीएम पहुंचे। यदि थोड़ी और देर हो जाती को संभवत: गुप्ता का नामंकन दर्ज नहीं हो पाता। इस दौरान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर और अन्य विधायक और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।


जनसभा को संबोधित करते हुए श्री यादव ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा- आप अब केरल में गए हो, ये चुनाव का रिजल्ट बताएगा की, आप पूरी कांग्रेस को अरब सागर में डुबोकर आओगे। मनमोहन सिंह की सरकार पर तंज कसते हुए कहा- मनमोहन सिंह की कांग्रेस की सरकार के साथ तालमेल नहीं बैठती थी। सीएम ने कहा भगवान पशुपतिनाथ की नगरी में भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के नॉमिनेशन में आया हूं। वे हमारे राष्ट्रीय पदाधिकारी रहे। तीसरी बार उन्होंने सांसद के लिए नॉमिनेशन किया है। एक फिर भाजपा की सरकार केंद्र में बन रही है। मंदसौर नया रिकॉर्ड बनाए, यही हमारी चाह है। डबल इंजन की सरकार यहां विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।

**✻ डबल इंजन की सरकार विकास के नए आयाम स्थापित करेगी ✻ नामांकन, जनसभा, रोड शो और उसके बाद बाबा के दरबार पहुंचे मुख्यमंत्री**

**यहां तो फार्म डालो, प्रमाण पत्र ले जाओ**–सीएम ने कहा कि भाजपा के लिए मंदसौर नीमच संसदीय सीट ऐसी है जहां फार्म डालो और आखिरी दिन जीत का प्रमाणपत्र ले जाओ। जनसंघ के जमाने से ही क्षेत्र के लोगों ने जनसंघ और भाजपा का साथ दिया है। उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने शको को परास्त किया तो मंदसौर के वीरों ने भी दुनियाभर में पराक्रम दिखाते हुए हुणो को पराजित किया। चुनाव हम अपने लिए नहीं, बल्कि देश-प्रदेश के विकास के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत माता के चित्र के साथ अब तालमेल बैठता है। चित्र में एक शेर नजर आता है और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। जबकि, कांग्रेस की मनमोहनसिंह सरकार के समय यह तालमेल कहीं से कहीं नहीं बैठता था। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को मुंह की खाने को मजबूर किया। विश्व को संदेश दिया कि आतंकवाद से निपटने के लिए छप्पन इंच का सीना चाहिए।

**कांग्रेस ने हमेशा हिंदू-मुस्लिम किया**–सीएम ने कहा कि बरसों तक कांग्रेस ने हिंदु मुस्लिम किया। देश में अंग्रेज जो नहीं कर पाए वह कांग्रेस ने किया और पाकिस्तान के रूप में भारत के टुकड़े कर दिए। आतंकवादियों को ओसामाजी से संबोधित कांग्रेस नेता करते रहे। अब नवरात्रि में रामनवमी भी मनी और ईद भी। राम नवमी के दिन बारह बजे भगवान राम ने अपना जन्मदिन अपने घर पर मनाया। सूर्य ने किरणे बिखराकर उनका तिलक किया। कांग्रेस ने तो हिंदूओं को अपमानित करने का मौका नहीं छोड़ा।

**कांग्रेस कहां जाएगी, पता नहीं चलेगा**–सीएम श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस कहां जाएगी, पता ही नहीं चलेगा। गाय और गीता दुनिया में हमारी पहचान है। हमने गौशाला की राशि डबल कर दी। अमेरिका के राष्ट्रपति हो या अन्य मेहमान अब हम उन्हें गीता भेंट करते हैं। कांग्रेस ने तो सिर्फ भारत को तोडने का काम किया है। चंबल का पानी कभी खेतों तक नहीं ला पाए। यह काम भाजपा ने किया है।











# रामभक्त हनुमान की भक्ति में झूमे धर्मालुजन, संगीतमय सुंदरकांड से हुआ हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ

## बड़े बालाजी को गुड़, चना, चिरोंजी की 11 किलो की विशेष माला पहनाई

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को हरिमक्त मण्डल उज्जैन द्वारा प्रस्तुत संगीतमय सुंदरकांड के साथ श्री बडे बालाजी मंदिर बस स्टेण्ड पर श्री हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस दौरान मंदिर का आकर्षक रूप से सजाया गया। भगवान बडे बालाजी का मनमोहक श्रृंगार किया तथा बालाजी को गुड, चना, चिरोंजी के दाने की 11 किलो की विशेष माला पहनाई गई।

उज्जैन के कथा वाचक हरिओम उपाध्याय के मुखारविंद से प्रात: 11 बजे शुरू हुआ संगीतमय सुंदरकांड सायंकाल तक चलता रहा। भगवान राम व हनुमान के भजनों पर भक्त भक्ति में खूब झूमे। इस आयोजन के दौरान जो भी भक्त मंदिर आया वह सुंदरकांड की चौपाइयों में रम गया। भगवान बालाजी के अनुपम श्रृंगार के दर्शनार्थ भी दिन भर भक्तों की भीड उमडी। सायंकाल सुंदरकांड के पश्चात महाआरती हुई व प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, सदस्यगण विनय दुबेला, विनोद रूनवाल (ज्योतिष सलाहकार), नरेश चंदवानी, दिनेश जोशी, चौथमल शर्मा, विष्णु शर्मा, जितेन्द्र व्यास, राजाराम तंवर, अनिल सुराह, हेमन्त सुराह, महेंद्रसिंह सिसोदिया, अनूप माहेश्वरी, मुकेश कुमावत, कपिल सौलंकी, सज्जनलाल खमेसरा, शिवशंकर सोलंकी, रवि ग्वाला सहित बडी संख्या में धर्मालुजन उपस्थित रहे।

**23 अप्रैल को 251 दीपक से होगी बालाजी की शाही महाआरती–** मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा व प्रवक्ता रवि ग्वाला ने बताया कि हनुमान जयंती के दिन 23 अप्रैल मंगलवार को सायं 7 बजे 251 दीपक के साथ बालाजी की शाही महाआरती होगी। इस दौरान मंदसौर के 151 ढोल, कोटा बूंदी की शहनाई, अजयमेरू के ढोल, उज्जैन की पुष्प वर्षा व रंगारंग आतिशबाजी की जाएगी एवं ख्यातनाम 501 कलाकारों द्वारा वाद्य यंत्र पर पर अपनी प्रस्तुति भी दी जायेगी। महाआरती पश्चात प्रसाद वितरण होगा।5 मई, रविवार प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक फतेहपुरिया अग्रवाल धर्मशाला बस स्टेण्ड मंदसौर पर विशाल शाही महाभण्डारा होगा व 18 मई, शनिवार को सायं 7 बजे से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन बालाजी मंदिर परिसर पुराना बस स्टैंड पर होगा। जिसके सूत्रधार राष्ट्रीय कवि मुन्ना बैटरी होंगे। इस कवि सम्मेलन में देश के ख्यातनाम कवि काव्य पाठ करेंगे। इस दौरान स्व. श्री रामनारायण शर्मा काव्य अलंकरण सम्मान समारोह भी आयोजित होगा।

# बंसल ने दो दिवंगतों का एक साथ किया अंतिम संस्कार

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** समाजसेवी, पार्षद सुनील बंसल द्वारा दो दिवंगतों का विधि विधान से अंतिम संस्कार किया जिसमे एक वृद्ध महिला और एक निर्धन युवक था। प्राप्त जानकारी अनुसार समाजसेवी सुनील बंसल के द्वारा दो जनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया जिसमे जनकुपुरा निवासी 55 वर्षीय वृद्ध महिला रतनबाई सोनी उर्फ (शेरावाली) और अलावदा खेडी निवासी अंबालाल सूर्यवंशी का आज अंतिम संस्कार एक साथ विधि विधान से किया।

बंसल ने बताया कि शेरावाली जनकुपुरा में काफी प्रचलित थी और पिछले एक महीने से पैदल भी नहीं चल पा रही थी और अस्वस्थ भी थी। उनके द्वारा जब शेरावाली के रिश्तेदार उसकी बेटी और जमाई को उनकी स्थिति की जानकारी दी तब भी उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया, जिसके बाद मेने महिला का उपचार करवाने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचित किया जिसके बाद पुलिस वृद्ध महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लेकर पहुंची और उसका उपचार करवाया, पिछले 15-20 दिनों से शेरावाली जिला चिकित्सालय परिसर में ही रह रही थी, जिसका कल शाम को 5.30 बजे के करीब निधन हो गया जिसकी सूचना मिलने पर वह पहुंचा और उनकी बेटी, जमाई, देवर को सुचना की पर परीजनों ने अन्तिम संस्कार करने से मना कर दिया अत: शनिवार को अंतिम संस्कार करने की कहा, और महिला के शव को परिसर से उठाकर शव पेटी में सुरक्षित रखवाया और नगरपालिका के हेमंत शर्मा और जाकिर भाई को सुबह शव वाहन और नगरपालिका कर्मी भेजने की बात कही और आज सुबह श्री बंसल और पत्रकार आशीष चावडा अंतिम संस्कार का सभी समान लेकर 8 बजे शेरा वाली का अंतिम संस्कार करने के लिए पहुंचे लेकिन अस्पताल में एक और निर्धन व्यक्ति अंबालाल का आज सुबह निधन हो गया था जिसका भी अंतिम संस्कार करने वाला कोई जिम्मेदार नहीं था क्युकी अंबालाल की एक पत्नी और दो छोटे बच्चे साथ में थे और परिवार में कोई भी नहीं इसलिए दोनो का अंतिम संस्कार करना बंसल ने अपना धर्म माना और दोनों की अर्थियों को एक साथ दो शव वाहन द्वारा लेकर निकले और शेरावाली जनकूपुरा निवासी थी जिसको जिला अस्पताल से गणपति चौक ले जाया गया जहां गणपती चौक के क्षेत्र वासियों ने शेरावाली को पुष्पांजलि अर्पित की जिसके बाद उसे शिवना स्थित मुक्तिधाम ले जाया गया जहां पर दोनों का पूरे विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वहा पर श्री बंसल के साथ दोनों शव वाहन चालक यशवंत भाई, मनीष भाई और नगरपालिका कर्मी भी मौजूद थे।





# ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ शुभारंभ

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिशु मंदिर केशव नगर, मंदसौर में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का दीप प्रज्वलन श्रीमती विद्या दोषी श्रीमती लज्ञा भटनागर एवं श्रीमती मनीषा जैन दीदी ने कर शुभारंभ किया। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान संतोष जी यादव ने शिविर में सम्मिलित भैया बहिनों को शिविर में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया एवं अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रथम दिवस कुल 94 भैया बहन सम्मिलित हुए इस शिविर में खेल, कुकिंग, मार्शल, आर्ट एंड क्राफ्ट, लेडीज पार्लर कोर्स, स्पोकन इंग्लिश, कंप्यूटर सिंगिंग एंड तबला क्लासेस इत्यादि कोर्स विषय विशेषज्ञों के निर्देशन में करवाए जाएंगे।

# दादा-दादी के किस्से कहानियां विषय पर कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दादा दादी के किस्से कहानीयाँ आज दिनांक 19-4-2024 को मन्दसौर महाराष्ट्र समाज उन्नयन समिति के तत्वाधान में सानंद संस्था इन्दौर द्वारा दादा दादी के किस्से कहानीयाँ विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के 45 वर्ष से अधिक आयु के समाजन पुरुष वर्ग एव मातृशक्ति ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वन्दना से किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ श्री राजेन्द्र पाठक द्वारा साईचरित्र से किया। इसक्रम में श्री सुभाष बुगदे ने अकबर-बिरबल की कहानी, श्री गोविन्द वैशंपायन ने शिवाजी महाराज तथा मातृशक्ति द्वारा सन्त तुकाराम व पंचतंत्र आदि रोचक व शिक्षाप्रद कहानी सुनाई कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अर्चना अरवंदेकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सानंद सस्था इन्दौर की दो निर्मायक श्रीमती ऋतुजा पहाडे एवं श्रीमती सुमंगली पोद्दार द्वारा प्रथम श्रीमती वर्षा भवालकर, द्वितीय श्रीमती रीता ग्वालियरकर एवं तृतीय श्रीमती ज्योती गोडवोल को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में श्री अनिल झॉसीवाले, पंकज वैशंपायन तथा प्रवीर काटे तथा मात्रशक्ति श्रीमती सुधा विवरे श्रीमती लता पाठक, बीना पाठक श्रीमती छाया पोळ, श्रीमती जयश्री लक्कड, श्रीमती वर्षा हुपेले, श्रीमती वर्षा वैशंपायन आदि उपस्थित रही। अन्त में आभार श्री सजेन्द्र पाठक अध्यक्ष द्वारा माना गया।

# आदर्श जीवन व मर्यादाओं में जीवन जीना सिखाती है श्री राम कथा – पं. शर्मा

**मनासा/कुकड़ेश्वर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सूर्यवंश व रघुकुल के राजा व अयोध्या नरेश दशरथ की तीन पत्निया कौशल्या, सुमित्रा व कैकई से जन्मे भगवान श्री राम, भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न। भगवान विष्णु के अवतार के रूप में त्रेतायुग में भगवान ने राजा दशरथ के घर जन्म लेकर आतताई दानवो का सर्वनाश करते हुए, जनकल्याण किया है। भगवान श्रीराम के चरित्र का चित्रण श्रीराम कथा के माध्यम से पण्डित नरेंद्र शर्मा आमदखेड़ी के मुखारविंद से कुकड़ेश्वर के समीपस्थ गाँव कड़ी बुजुर्ग में किया जा रहा है।



पटेल रामनारायण गुर्जर व स्व. बद्रीलाल गुर्जर दोनों भाइयो द्वारा अपने स्वर्गीय माता पिता की समृति में भगवान श्री हनुमान जी का मनमोहक मन्दिर निर्माण करवाया गया है। जिस पर कलश प्रतिष्ठा 23 अप्रैल को को श्री हनुमान जन्मोत्सव पर होगा। विगत दिनांक 17 अप्रैल से 23 अप्रैल तक निरन्तर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संगीतमय श्री राम कथा गाँव कड़ी बुजुर्ग में प्रसारित हो रही है। दिनांक 20 अप्रैल को श्री राम कथा में भगवान श्रीराम का जन्म हुआ और कथा में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव भव्यता पूर्वक मनाया गया। दिनांक 21 अप्रैल को भगवान श्री राम जानकी के विवाह का प्रसंग होगा। व श्री हनुमान मन्दिर पर 21 से 23 तक निरन्तर तीन दिन तक यज्ञ आहूत होगा। दिनांक 22 अप्रैल को सुबह 9 बजे गाँव कड़ी बुजुर्ग (बड़ी खड़ी) में भव्य शोभा यात्रा नगर में निकलेगी। दिनांक 23 अप्रैल को कलश प्रतिष्ठा व श्रीराम कथा की पूर्णाहुति महाप्रसादी के साथ होगी। फागणा परिवार बड़ी खड़ी (कड़ी बुजुर्ग) के राजू गुर्जर, बलवंत गुर्जर, अर्जुन गुर्जर, लाला गुर्जर सहित समस्त ग्रामवासियो ने सभी धर्मप्रेमिजन से अपील की है कि आप सभीजन सपरिवार उक्त धार्मिक कार्यक्रमो में पधारकर धर्मलाभ ले।

# आराध्या का बेटियों को जन्म देने वाली माताओं का सम्मान निंरतर जारी

**नीमच, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** आराध्या वेलफेयर सोसाइटी द्वारा विजय राजे सिंधिया जिला चिकित्सालय पहुंचकर समाजसेवी श्री अश्मित गड्वानी डोनर के रूप में उनके जन्म दिवस के अवसर पर बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को मोतियों की माला पहनाकर बेबी किट, डायपर व दलिया पोस्टिक आहार के रूप में वितरण कर बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को सम्मानित किया गया साथ ही श्री अश्मित गड्वानी ने बताया कि आराध्या के माध्यम से हमें बेटियों को जन्म देने वाली माताओं को सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिसके लिए हम आराध्या की पूरी टीम की सराहना करते हुए इनके बढ़ते कदम मैं सदैव सहभागी रहने का प्रयास करते रहेंगे इसी कड़ी में आराध्या संयोजिका मीनू लालवानी ने बताया कि आज समाजसेवी गड्वानी परिवार द्वारा हमारी संस्था को एक डोनर के रूप में समाजसेवी अश्मित गड्वानी के माध्यम से बेटियों को जन्म देने वाली माताओं का सम्मान करने का एक बार फिर अवसर प्राप्त हुआ है जिसके रूप में हमारी संस्था द्वारा बेटियों को जन्म देने वाली नो माताओं को सम्मानित किया गया!



इस अवसर पर आराध्या संयोजिका एडवोकेट मीनू लालवानी, समाजसेवी अश्मित गड्वानी, बृज नारायण गड्वानी, एडवोकेट चंचल गड्वानी, प्रज्ञा गड्वानी, आरुल गड्वानी, समाजसेवी दिव्या लालवानी, जिया रामचंदानी, भारती मंगवानी, चंद्रशेखर जायसवार चंद्र प्रकाश (मोमू)लालवानी, समरथ राठौर, दुर्गा शंकर दंशाना (पार्षद वार्ड नंबर 08), मुकेश शर्मा, राहुल माली, बद्रीलाल माली आदि उपस्थित रहे।



# नपा के व्दारा बड़े नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** वर्षा ऋतु में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं हो इसके लिये नगरपालिका परिषद अभी से सजग होकर कार्य कर रही है। वर्षा ऋतु के पूर्व बड़े नालों की सफाई के लिये नगरपालिका का अमला जुटा हुआ है। मंदसौर नगर के जिन क्षेत्रों में बड़े नाले है उनकी सफाई प्रोकलेन एवं जेसीबी मशीन के द्वारा की जा रही है। कल इसी तारतम्य में पशुपतिनाथ की पुलिया से धानमण्डी पंप हाउस तक के जो भी बड़े नाले है उनकी सफाई प्रोकलेन मशीन से की गई। धानमण्डी पम्प हाउस के आसपास, शनि मंदिर क्षेत्र एवं मदारपुरा क्षेत्र के नालों की सफाई भी जेसीबी से कराई जा रही है। नपा परिषद छोटे नालों की सफाई गेंग के कर्मचारियों के द्वारा भी करा रही है।

# वूमेन वोटर रन का आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय मंदसौर केप्राचार्य डॉ पी एल पाटीदार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत वूमेन वोटररन काआयोजन किया गया था। जिसमें शासकीय कन्या महा विद्यालय मंदसौर की अनेको छात्राओंने भाग लिया।स्वीप एवं ईएल सीव एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉक्टर निरंजन गंगवाल एवं मनीष पांचाल और डॉ राजश्री ठाकुर व महाविद्यालय की समस्त महिला स्टाफ ने वूमेन वोटर रन में भाग लिया।



# नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु अधिवक्ताओं के साथ बैठक संपन्न

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दिनांक 11 मई 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्रीमती रेणुका कंचन महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 20 अप्रैल 2024 को एडीआर भवन मंदसौर में जिला मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण की उपस्थिति में अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

मीटिंग में उपस्थित अधिवक्तागण एवं न्यायाधीशगण को संबोधित करते हुए माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय ने यह व्यक्त किया नेशनल लोक अदालत की सफलता सभी के सामूहिक प्रयास से ही संभव है तथा साथ ही उन्होंने यह भी व्यक्त किया कि धारा 138 चेक बाउंस, दुर्घटना बीमा क्लेम मामले, माफीनामे योग्य आपराधिक प्रकरण, बिजली से संबंधित लंबित मामले एवं अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर उनमें अधिक से अधिक राजीनामे कराकर लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समस्त आवश्यक प्रयास किए जाए। माननीय महोदया ने अधिवक्ता गण के द्वारा रखे गए मुद्दों को भी संज्ञान में लेते हुए उनके त्वरित निराकरण के आदेश भी प्रसारित किए। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी)/ नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत श्रीमान अजय कुमार सिंह, अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह पवार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सिद्धार्थ तिवारी, अन्य न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।



# पक्षियों के पानी पीने के लिए विद्यालय परिसर में सकोरे बांधे

**भानपुरा, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार 20 अप्रैल को भानपुरा तहसील क्षेत्र के शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय ढाबला माधोसिंह विद्यालय परिसर में भीषण गर्मी को देखते हुए मूक पक्षीयों के पीने के पानी के लिए नीम के पेड़ पर सकोरे बांधे गये। तथा पक्षीयों के भोजन के लिए दाने की व्यवस्था विद्यालय स्टाफ की ओर से की गई। संस्था प्रधान पुरुषोत्तम पाटीदार ने बताया हे कि पक्षीयों के लिए दाना पानी की व्यवस्था गर्मी में अवकाश के दिनों में नियमित रहेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक हरिश नामदेव, तुषार चौधरी, धीरज मोदी, राजेश मोहन शर्मा, श्रीमती भावना त्रिवेदी, श्रीमती सुनीता धाकड़, ममता परिहार आदि उपस्थित थे।

# लोकसभा निर्वाचन के लिये प्रस्तावित मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण 24 व 25 को

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया मंदसौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लोकसभा निर्वाचन के मतदान के लिये प्रस्तावित मतदान कर्मियों ( मतदान अधिकारी क्रं 2 एवं क्रं 3) ईवीएम उन्मुखीकरण एवं ईडीसी के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण 24 एवं 25 अप्रैल को दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण 24 अप्रैल को शासकीय महाविद्यालय मंदसौर, कुशाभाऊठाकरे प्रेक्षागृह, सीएम राइज विद्यालय भानपुरा, शासकीय महाविद्यालय गरोठ, शासकीय महाविद्यालय सीतामऊ, 25 अप्रैल को शासकीय महाविद्यालय मंदसौर, कुशाभाऊठाकरे प्रेक्षागृह एवं शासकीय महाविद्याल गरोठ में आयोजित किया जाएगा।

## धरती का कर्ज उतार दो

रूठ रही है हरियाली हमसे
उसे ला धरती को संवार दो।
कह रही है धरती हमसे
धरती का कर्ज उतार दो
हर खेत में हो हरियाली
हर चेहरे पर मुस्कान हो
जहां हो बंजर धरती खाली
वृक्ष लगाकर इसे संवार दो
न इस वसुधा पर दूषण फैले
न प्राण वायु का संकट झेले
हर जन पर हो सुख की छाया
हर पथ सजनी सा संवार दो।
चूक रहा है धरती का पानी
भर रहा अति सागर का पानी
वसुधा की इस चितवन में
पय कलसों को मत रिसने दो।
जरा होती धरती को
यौवन का रूप भरने दो
अपने कुशील दमित कर
धरती का कर्ज उतार दो।
न चेते तो तपती ये धूजेगी
श्वान गिद्धों की कलरव गूंजेगी
कोई नहीं होगा बचाने वाला
कहीं नहीं होगा नीर का प्याला।
अपने लालच को शमित कर
नीति बुद्धि से इसका श्रृंगार हो
कह रही है धरती हमसे
धरती का कर्ज उदार दो।

भगवती प्रसाद गेहलोत,
पिपलियामंडी

## भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में...

# सकल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ की वाहन रैली निकली

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सकल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ के द्वारा तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल वाहन रैली निकाली गई। शनिवार को महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक के एक दिवस पूर्व सकल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ ने विशाल रैली निकालकर मंदसौर नगरवासियों व समाजजनों कोरविवार को निकलने वाले चल समारोह में शामिल होने की भी अपील की। जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास से प्रारंभ हुई यह विशाल वाहन रैली नयापुरा, महाराणा प्रताप चौराहा, नईआबादी महावीर भवन मार्ग, बंटी



चौराहा सहकारी बाजार रोड़, गुप्ता कचोरी चौराहा, तार बंगला दिगम्बर जैन मंदिर, बीपीएल चौराहा, गोल चौराहा, बालागंज, शुक्ला चौक, गणपति चौक, राजेन्द्रसूरि जैन शताब्दी मार्ग (बड़ा चौक), धानमण्डी, पशुपतिनाथ नई पुलिया, पशुपतिनाथ क्षेत्र का भ्रमण किया और उसके उपरांत चन्द्रपुरा मेन रोड स्थित श्री आर्यरक्षित सूरि जैन तीर्थ धाम पहुंची। इसके पूर्व जीवागंज स्थित राजेन्द्र विलास के सामने विशाल वाहन रैली को सकल जैन समाज अध्यक्ष दिलीप लोढ़ा, निवृत्तमान अध्यक्ष प्रदीप कीमती, संयोजक सुरेन्द्र लोढ़ा, कोषाध्यक्ष विकास भण्डारी, महामंत्रीगण प्रतापसिंह कोठारी, सुनील तलेरा, गोपी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष राजमल गर्ग (अंकित), उपसंयोजक अरविन्द मेहता, अशोक मारू, समाजसेवी नरेन्द्र मेहता, निर्विकार रातड़िया, कमल कोठारी, श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्रीसंघ अध्यक्ष अरविन्द बोथरा, युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री रितेश पोखरना, उपाध्यक्ष अभिनव जैन ने जैन ध्वज दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर म.प्र. युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सोमिल नाहटा, भाजपा नेता हिम्मत डांगी, समाजसेवी कांतिलाल रातड़िया, नरेन्द्र रांका, राजकुमार चपरोत, अशोक झेलावत, विजय सुराना, अशोक उकावत, सुनील मारू, गौरव मित्तल, हेमंत चण्डालिया, नवीन सखलेचा, शिखर धींग, प्रणय धाकड़, अंकित कीमती, जितेन्द्र लोढ़ा, राकेश दुग्गड़, अक्षय मारू, इशान जैन, दीपक लोढ़ा, अमन सखलेचा, जयेश डांगी, अंशुल कोठारी, अभय श्रीमाल, अंकित छाजेड़, अनिकेत जैन, शैलेन्द्र जैन, अभिषेक जैन, जय नाहर, चिराग जेतावत, अक्षय जैन, पिंकेश चौरड़िया, सिद्धार्थ पामेचा, दिशांत डांगी, संदीप जैन, रिंकेश पाटनी, अर्पित कुदार, प्रियांश डूंगरवाल आदि ने वाहन रैली में सहभागिता की।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 37 | 2050 | 2346 |
| उडद | 000 | 00000 | 00000 |
| सोयाबीन | 2844 | 4290 | 4780 |
| गैहु | 9000 | 2200 | 3150 |
| चना | 633 | 4200 | 5909 |
| मसुर | 176 | 5400 | 5950 |
| धनिया | 192 | 5100 | 6571 |
| लहसुन | 17000 | 6001 | 24001 |
| मैथी | 902 | 4700 | 6130 |
| अलसी | 1129 | 4820 | 5499 |
| सरसो | 309 | 4556 | 4912 |
| तारामीरा | 0000 | 00000 | 00000 |
| इसबगोल | 79 | 9101 | 13600 |
| प्याज | 763 | 400 | 1540 |
| कलोंजी | 21 | 16000 | 18230 |
| डॉलर | 66 | 7301 | 10100 |
| तिल्ली | 0000 | 00000 | 00000 |
| मटरसुखी | 4 | 1500 | 4541 |
| असालीया | 130 | 8581 | 10000 |

# कोचिंग संचालक पर दो केस और दर्ज

## मंदसौर की युवती को भी ब्लैकमेल कर 22 लाख लिए

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम के 80 फीट रोड स्थित द विजन इंग्लिश कोचिंग के संचालक संजय पोरवाल के खिलाफ लगातार शिकायते आनी लगी है। संजय पोरवाल के खिलाफ 24 घंटे में माणकचौक पुलिस थाना में दो एफआईआर हो चुकी है। पहली एफआईआर मंदसौर की युवती की शिकायत पर दुष्कर्म की तो दूसरी रतलाम की एक महिला को रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 5 लाख 50 हजार रुपए ऐंठने की है। पुलिस ने कोचिंग संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में प्ररकण दर्ज किया है। आरोपी पहले से जेल में बंद है।

मंदसौर की युवती ने भी रतलाम के कोचिंग संचालक संजय पोरवाल के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर, वीडियो बनाकर धमकाने और रुपए लेने की शिकायत की। माणकचौक पुलिस ने जांच के बाद संजय पोरवाल के खिलाफ धारा 376(2) (ह), 376 (2)(स्न), 328, 420, 406, 506 भादवि का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी 80 फीट रोड़ के पूर्व रतलाम के नागरवास में द विजन इंगलिश कोचिंग क्लासेस के नाम से कोचिंग सेंटर चलाता था। आरोप है कि उसने उसी जगह घटना को अंजाम दिया था। जांच में सामने आया कि युवती मंदसौर से रतलाम अंग्रेजी सीखने के साथ नौकरी की तलाश में रतलाम आई थी। युवती को नौकरी व शादी का प्रलोभन देकर पार्टनरशिप में कोचिंग सेंटर चलाने के लिए राजी किया। युवती के परिवार में भी आना-जाना शुरू किया। युवती से शादी की बात कही। फिर पार्टनर शिप में 11 लाख रुपए का लोन लेकर 80 फीट पर कोचिंग सेंटर डाला। धीरे-धीरे किस्ते चुका नहीं पाया तो फिर युवती से रुपए की डिमांड करता रहा। इस बीच वह युवती को अपने झांसे में लेकर दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करता रहा। युवती व उसके परिवार को अपनी ज्वेलरी तक बेचना पड़ी। यहां तक घर बेचने की नौबत तक आई। ज्वेलरी व नगदी समेत युवती व परिवार से आरोपी अब तक करीब 22 लाख रुपए ऐंठ चुका है।

### मोबाइल में मिले थे 500 से अधिक वीडियो...

आरोपी संजय अंग्रेजी सीखने आने वाली महिलाओं व युवतियों को शादी का झांसा देकर स्पाई कैमरे से उनका वीडियो बना लेता था। फिर रुपए की मांग कर इन्हें ब्लैकमेल करता था। पुलिस को इसके मोबाइल से 500 से अधिक वीडियो क्लिप मिली थी। पुलिस कप्तान श्र्भ राहुलकुमार लोढ़ा ने भी पीडितों को आगे आकर शिकायत दर्ज कराने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी संजय के खिलाफ युवती की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। युवती से करीब 20 से 22 लाख रुपए आरोपी ले चुका है। लगातार शिकायतें सामने आ रही है।

## नामांकन के तीसरे दिन दो अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन प्राप्त हुए

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार मंदसौर संसदीय क्षेत्र 23 के लिए नाम निर्देशन पत्र 25 अप्रैल 2024 तक निर्देशन पत्र प्राप्त किये जाएंगे। नामांकन के तीसरे दिन 2 अभ्यथर्यिों ने तीन नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये। जिसमें श्री सुधीर गुप्ता द्वारा 2 एवं श्री सईद अहमद द्वारा 1 नाम निर्देशन प्रस्तुत किया गया। नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affida vit. eci. gov. in/ पर देखी जा सकती हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 29 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 13 मई को होगा। मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

# पुरस्कार लेना हो तो शिक्षकों को करना होगा ऑनलाइन आवेदन

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** ऐसे शिक्षक जो अच्छा काम कर रहे हैं, उन्हें अगर पुरस्कार चाहिए तो ऑनलाइन आवेदन कर पुरस्कार मांगना होगा। शिक्षकों को पुरस्कार देने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रक्रिया तय कर दी है। अभी पूरे प्रदेश के शिक्षकों में से उनके परफारमेंस के आधार पर चयन किया जा रहा था। लेकिन, इसे लागू नहीं किया जा सका। पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में दो लाख से ज्यादा शिक्षक हैं। साल में एक बार शिक्षक दिवस पर इनका सम्मान किया जाता है। स्कूल शिक्षा विभाग इसके लिए आयोजन करता है।

सम्मान के लिए सालों से चली आ रही व्यवस्था को इस बार बदलने की कोशिश की जा रही थी। लेकिन, समय से काम न होने पाने के कारण इस बार भी शिक्षकों को अपना सम्मान कराने के लिए शिक्षा विभाग को आवेदन करना होगा। स्कूल शिक्षा विभाग में प्रदेश के शिक्षकों को आवेदन करने पर जिला, संभागीय व राज्य स्तरीय कमेटी नामों पर अंतिम निर्णय लेती है। इस संबंध में विभाग ने नियम बनाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। नवीन शैक्षणिक सत्र से इसे लागू किया जाएगा।

नए सत्र से सम्मान के लिए नया तरीका अपनाने के संबंध में स्कूल शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए थे। जिसके तहत स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षकों को आवेदन करने से पुरस्कार नहीं देगा। विभाग खुद आंकलन कर अवार्ड देगा। लोक शिक्षण संचनालय से जारी निर्देश के तहत अभी पुरानी व्यवस्था के आधार पर ही पुरस्कारों का निर्धारण होना है। 30 अप्रेल तक शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। 1 से 15 मई तक चार सदस्यीय समिति आवेदन करने वाले शिक्षकों की जांच करेगी। 16से 30 मई तक जिला चयन समिति द्वारा जमीनी मूल्यांकन समिति की रिपोर्ट पर शिक्षकों का चयन करेगी।

### राज्य पुरस्कार पाने के बाद मिलता है राष्ट्रपति पुरस्कार...

प्रदेश स्तर पर पुरस्कार पाने के बाद शिक्षकों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होता है। इसमें पूरे देश के शिक्षक होते हैं। राष्ट्रपति के हाथों सम्मान के लिए इनमें से चयन किया जाता है। प्रदेश में कई शिक्षक हैं जो राष्ट्रीय पुरस्कार पा चुके हैं। इनोवेशन के क्षेत्र में सबसे ज्यादा अवार्ड मिले हैं।

# मतदान का अधिकार सभी को बराबर मिला, उसका उपयोग जरूर करें-कलेक्टर

### कलेक्टर ने मुल्तानपुरा में चुनावी चौपाल आयोजित कर मतदाता को जागरूक किया




**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव एवं सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम ने ग्राम पंचायत मुल्तानपुर में चुनावी चौपाल आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया।

चुनावी चौपाल के दौरान स्वीप की तरह-तरह की गतिविधियां आयोजित की गई। साथ ही छोटे-छोटे नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से, रोचक कहानियां बता कर मतदाता को जागरूक किया गया। चुनावी चौपाल के दौरान मतदाताओं की सहभागिता हेतु चुनावी पाठशाला के माध्यम से उन्हें चुनाव संबंधी आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया व उसके उपरांत चुनावी क्विज का आयोजन किया गया और सही उत्तर देने वाले मतदाताओं को कलेक्टर द्वारा पेन देकर पुरुस्कृत किया गया। कलेक्टर ने सभी जागरूक मतदाताओं से कहा कि 13 मई मतदान दिवस के दिन मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत करें। मतदाताओं को मतदान केंद्र पर सभी प्रकार की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही ऐसे बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र पर आकर मतदान नहीं कर सकते हैं। ऐसे मतदाता अपने घर पर बैठे-बैठे आयोग द्वारा होम वोटिंगकी सुविधा दी गई है। इसके लिए बीएलओ से संपर्क भी कर सकते हैं। सभी जागरूक मतदाताओं को किसी भी प्रलोभन में न आकर, अपने विवेक से मतदान करना है और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं का, दिव्यांग मतदाताओं का कलेक्टर ने पुष्प हारो से स्वागत किया। कलेक्टर ने अंत में सभी मतदाताओं से 13 मई के दिन मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई।

# नामांकन सभा एवं रैली 25 को, कांग्रेसजन भागीदारी करें

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन ने बताया कि आगामी 25 अप्रेल गुरूवार को लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक श्री दिलीपसिंह गुर्जर सभा एवं रैली के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करेगे। सुबह 11.45 बजे गांधी चैराहा गांधी भवन कार्यालय के सामने आयोजित सभा में राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के स्टार प्रचारक श्री सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतु पटवारी एवं पूर्व सांसद मीनाक्षीजी नटराजन सहित वरिष्ठ नेतागण भागीदारी करेगे।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेन्द्रसिंह तोमर, कार्यकारी अध्यक्षगण श्री अंबालाल हिंगोरिया, श्री सलीम खान, मल्हारगढ ब्लॉक अध्यक्ष श्री अनिल शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री कन्हैयालाल पाटीदार, संजीत ब्लॉक अध्यक्ष श्री ईश्वरलाल धाकड, कार्यकारी अध्यक्ष श्री अर्जुन गुर्जर, धुंधडका ब्लॉक अध्यक्ष श्री गोपाल विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विशाल आंजना, मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष श्री विकास दशौरा, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ घनश्याम कुमावत, दलौदा ब्लॉक अध्यक्ष श्री बसंतीलाल सोलंकी, कार्यकारी अध्यक्ष श्री मनीष मालवीय, कयामपुर ब्लॉक अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष श्री पंकज जाट, सीतामउ ब्लॉक अध्यक्ष श्री सुरेश पाटीदार, कार्यकारी अध्यक्ष श्री रामनारायण सूर्यवंशी, सुवासरा ब्लॉक अध्यक्ष श्री कृपालसिंह सोलंकी, कार्यकारी अध्यक्ष श्री हर्षपालसिंह देवडा, शामगढ ब्लॉक अध्यक्ष श्री कमलेश जायसवाल सोनू, कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रमोद फरक्या, गरोठ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री भवानीशंकर धाकड, कार्यकारी अध्यक्षगण श्री रामसिंह जादौन, श्री इंदरसिंह गौड, श्री शांतिलाल पाटीदार, मेलखेडा ब्लॉक अध्यक्ष श्री करणसिंह रावत, कार्यकारी अध्यक्षगण श्री सुरेश धाकड, श्री सोनू मुजावदिया, श्री गोपाल सिसोदिया, भानपुरा ब्लॉक अध्यक्ष श्री विरेन्द्रसिंह हाडा, कार्यकारी अध्यक्षगण श्री सुरेश पाटीदार, श्री प्रकाश बंजारा, श्री राधाकिशन धनगर ने मंदसौर जिले के समस्त कांग्रेसजनो से अधिक से अधिक संख्या में आगामी 25 अप्रेल गुरूवार को सुबह 11.45 बजे गांधी चैराहा पहुंचकर नामांकन सभा एवं रैली में भागीदारी करने का आव्हान किया है।

### नीमच-भोपाल स्टेट हाईवे सडक मार्ग के किनारों पर...

# कटीली झाड़ियों से दुर्घटनाएं होने की आशंका



**अमित हरसोला**

**भानपुरा, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नीमच भोपाल स्टेट हाईवे सड़क मार्ग झालावाड़ रोड पर नगर के सार्वजनिक दशहरा मैदान से लेकर ग्राम ओसारा तक एवं गांधीसागर मुख्य मार्ग पर नगर के टेंचिंग ग्राउंड से लेकर संग्राम घाट तक के स्टेट हाईवे सड़क के दोनों किनारो पर जगह-जगह पर कटीली झाड़ियां रोड तक आने से इन मार्गों पर गंभीर दुर्घटनाएं घटित होने की लगातार संभावनाएं निर्मित हो रही है। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग के जवाबदार अधिकारी आंखें मूंदकर गंभीर हादसों की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

काफी समय से नीमच भोपाल स्टेट हाईवे झालावाड़ रोड एवं गांधीसागर मुख्य मार्ग पर नगर के टेंचिंग ग्राउंड से लेकर संग्राम घाट तक जगह जगहों पर सड़क के दोनों किनारो पर कटीली झाड़ियां सड़क तक आ जाने से सड़क पर चलने वाले वाहनों द्वारा ओवरटेक होने पर यह कटीली झाड़ियां वाहनों से टकरा रही है। इसके साथ ही कई जगहों पर मोड व घुमावदार मोड़ पर सड़क तक कटीली झाड़ियां आ जाने से सामने से आ रहे वहन दिखाई भी नहीं देते हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी गंभीर दुर्घटनाएं घटित हो सकती है। इसके बावजूद भी संबंधित विभाग के अधिकारी पूरी तरह से उदासीनता बरतें हुए आंखें मूंद कर गंभीर दुर्घटनाएं घटित होने की राह देख रहे हैं।



## परीक्षा तिथि में संशोधन को लेकर सौंपा ज्ञापन

**पिपलियामंडी, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** 22 अप्रेल को होने वाली परीक्षा तिथि में संशोधन की मांग को लेकर करणी सेना कॉलेज परिसर इकाई ने विक्रम विश्व विद्यालय उज्जैन कुलपति के नाम शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि 22 अप्रेल से 3 मई तक आर्मी अग्निवीर की परीक्षाएं आयोजित की गई है और 23 अप्रेल से शासकीय महाविद्यालय की परीक्षाएं भी आयोजित की जा रही है, इस कारण विद्यार्थी परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होने में असमर्थ रहेंगे। छात्र-छात्राओं के हित में निर्णय लेकर 22 अप्रेल को होने वाली परीक्षाओं को स्थगित किया जाए, और 3 मई के बाद आयोजित की जाए। इस अवसर पर इकाई पदाधिकारी हर्षराजसिंह सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मोटरसायकिल चोरी करने वाले आरोपियों को 6-6 माह की सजा

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** माननीय न्यायालय श्रीमान काशीष माटा न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय मंदसौर द्वारा आरोपी लाला उर्फ पंकज पिता बद्रीलाल डाबी, उम्र 28 वर्ष एवं राजू उर्फ राजेश पिता कारूलाल मालवीय दोनों निवासीगण ग्राम बिल्लौद, जिला मंदसौर को 06-06 माह के कठोर कारावास से दण्डित किया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 21.07.2018 को फरियादी पान स्टील फैक्ट्री में सुपर वाईजर की पोस्ट पर पदस्थ था दिनांक 21.07.2018 को रात्रि में 08:00 बजे अपने भाई सुनील की मोटरसायकिल बजाज प्लसर काले रंग की गेट के बाहर खड़ी करी थी रात्रि के 11:00 बजे वापस मैन गेट के पास आकर देखा तो मेरी प्लसर गाड़ी नहीं थी, कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी मोटरसायकिल चुरा कर ले गया था। पुलिस द्वारा धारा 379 भादवि के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपीगण लाला उर्फ पंकज पिता बद्रीलाल डाबी एवं राजू उर्फ राजेश पिता कारूलाल मालवीय से मोटरसाकिल प्लसर जप्त की थी तथा उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया था तथा अपराध का अनुसंधानपूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था।

विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री बलराम सौलंकी द्वारा किया गया।

## मारपीट में रणजीत सिंह सहित शराब कंपनी कर्मचारियों पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने रणजीतसिंह सहित शराब कंपनी के कर्मचारियों पर केस दर्ज किया। मुन्देड़ी निवासी मदनसिंह राजपूत ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं गांव के पप्पूसिंह राजपूत व सुनील जैन के साथ कलाली के आगे श्रीलाल पेट्रोल पंप के आगे गन्ने का ज्यूस पी रहे थे, इस दौरान कलाली की ओर से रणजीतसिंह पिता जसवन्तसिंह राजपूत मुन्देडी वाला, शराब कंपनी के कर्मचारियों के साथ आया और बोला कि यहां ज्यूस पीने के लिए नही बेठोगे, और बोला दुकानदार से बोला कि इन्हें ज्यूस मत देना। सभी हमें गालियां दी व मारपीट की, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

## अब तापमान में गिरावट की संभावना

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में शनिवार को सूरज आग बरसाता रहा। हालांकि आज रविवार से तीन दिन के लिए राहत मिलने की संभावना है। तापमान में कुछ गिरावट के आसार बन रहे हैं। प्रदेश के 19 जिलो में अगले तीन दिन 21 से 23 अप्रैल तक बारिश के आसार बन रहे हैं। हालांकि मंदसौर जिले में बारिश की स्थिति नहीं बन रही। यहां तेज धूप और गर्मी का सामना करना होगा। इन दिनों सूरज आसमान से आग उगल रहा है। गर्मी की वजह से दोपहर की बजाए शाम के वक्त बाजारों में भीड़ नजर आ रही है।

जिले में अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम में बदलाव के कारण तापमान में 1-2 डिग्री तक कि गिरावट आ सकती है। मौसम जानकारों के अनुसार, अगले दो दिन में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। 21 से 24 अप्रैल तक इसका असर प्रदेश में रहेगा।

## महावीर जयंती पर नगरीय क्षेत्र में मांस की बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**मंदसौर, 20 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में 21 अप्रैल, 2024 रविवार महावीर जयंती के मौके पर नगरीय क्षेत्र में संचालित मांस की दुकानें और पशुवध गृह बंद रहेंगे। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जिला कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं।




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in